उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 16.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों की समस्याओं के निस्तारण एवं त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई आयोजित की गयी।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए प्रत्येक फरियादी को निष्पक्ष व गुणवत्तापूर्ण समाधान का आश्वासन दिया गया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए ताकि आमजन का पुलिस पर विश्वास और अधिक मजबूत हो।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उन्हें सुरक्षित वातावरण प्रदान किये जाने के उद्देश्य से उपस्थित महिला फरियादियों से संवाद कर उनको जागरूक करते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा, अधिकारों एवं शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई तथा उन्हें निडर होकर अपनी बात रखने हेतु प्रेरित किया गया।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने कहा कि जनपद महोबा पुलिस आमजन की सुरक्षा, न्याय एवं सेवा के लिए पूर्णतः समर्पित है।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 16.10.2025**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## मिशन शक्ति फेज–5.0 के तहत महिला सुरक्षा एवं साइबर जागरूकता अभियान — महोबा पुलिस का संवेदनशील प्रयास...

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में संचालित "मिशन शक्ति फेज–5.0" अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम, कार्यशालाएँ एवं संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

जिसके क्रम में आज दिनांक- 16.10.2025 को जनपद के समस्त थानों में नियुक्त मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र अन्तर्गत स्कूलों एवं कालेजों में जाकर स्कूली छात्रों को आत्मरक्षा, सुरक्षा अधिकारों तथा साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रमों के दौरान छात्राओं को 'गुड टच' व 'बैड टच' की पहचान, आत्मरक्षा के सरल उपाय तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) के सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

### साइबर अवेयरनेस कैम्पेन — डिजिटल युग में सुरक्षा की ओर कदम

मिशन शक्ति कार्यक्रम के साथ-साथ महोबा पुलिस द्वारा "साइबर अवेयरनेस कैम्पेन" भी संचालित किया जा रहा है। इसके तहत लोगों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय, साइबर फ्रॉड की पहचान, फेक लिंक/ओटीपी धोखाधड़ी से सतर्क रहने की जानकारी दी गई।

इस दौरान नागरिकों को साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर—

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1090 – वीमेन पावर लाइन 181 – महिला हेल्पलाइन 112 – पुलिस आपातकालीन सेवा 102 – गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा 108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा 1098 – चाइल्ड हेल्पलाइन 101 – अग्निशमन सेवा 1930 – साइबर हेल्पलाइन

### अभियान का उद्देश्य

मिशन शक्ति फेज–5.0 एवं साइबर अवेयरनेस कैम्पेन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में आत्मविश्वास का संचार, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता, तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाना है।












## आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन पर अग्निशमन टीम द्वारा आतिशबाज की दुकानों का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों को परखा गया, सुरक्षा के सम्बन्ध में दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी आने वाले धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपदवासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महोबा श्री महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा थाना खरेला क्षेत्रअन्तर्गत आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/पटाखा विक्रय/भंडारण/ निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणो को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया, इसके अतिरिक्त अग्निशमन उपकरण लगाने हेतु एवं सुरक्षा के मानकों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिससे पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की आग दुर्घटना की संभावना को खत्म किया जा सके।







## अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर टीम महोबा द्वारा जनपद के विभिन्न बैंकों की अग्निसुरक्षा का ऑडिट किया गया, वहां लगे अग्निशमन उपकरणों को चैक किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बैंको में अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आज दिनांक- 16.10.2025 को जनपद महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में अवस्थित विभिन्न बैंकों में अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद सुरक्षा कर्मियों/स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा सम्बन्धित बैक प्रबन्धक को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने व समय-समय पर उनको रिफिल कराये जाने के निर्देश देते हुए दमकल सम्बन्धी उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 16.10.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत छात्राओं को सिखाए गए यातायात नियम, छात्राओं ने संभाला ट्रैफिक संचालन

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित "मिशन शक्ति फेज–5.0" अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16.10.2025 को परमानन्द चौराहे पर यातायात प्रभारी श्री सुनील कुमार एवं टीम द्वारा छात्राओं के लिए एक यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों एवं ट्रैफिक संकेतों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी एवं व्यवहारिक बनाने हेतु छात्राओं से स्वयं ट्रैफिक संचालन का अभ्यास भी कराया गया, जिससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं जिम्मेदारी का भाव विकसित हुआ।

ट्रैफिक पुलिस टीम द्वारा मौके पर पम्पलेट वितरित कर आमजन एवं छात्राओं को यातायात नियमों के पालन की महत्ता से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं को महिला सुरक्षा संबंधी पुलिस हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090, 112, 181 आदि व साइबर अपराध की शिकायत हेतु राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर 1930 एवं पोर्टल www.cybercrime.gov.in के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया की जानकारी देकर उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग एवं सशक्त बनने हेतु प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने, सड़क सुरक्षा अपनाने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की अपील की।

मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के आत्मसम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलम्बन की भावना को सुदृढ़ करना है, जिससे वे हर क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा सकें।



## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत घरेलू विवाद का शांतिपूर्ण समाधान — महिला को दिलाया गया न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा।

जनपद महोबा में संचालित मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना पनवाड़ी स्थित मिशन शक्ति केन्द्र ने एक पारिवारिक विवाद प्रकरण में प्रभावी हस्तक्षेप कर सफल समाधान कराया।

आज दिनांक 16.10.2025 को ग्राम श्योड़ी निवासी श्रीमती हेमंती पत्नी स्व0 दीपक अहिरवार द्वारा थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र देकर यह आरोप लगाया गया कि उनके ससुर, सास एवं देवर द्वारा पति की मृत्यु के उपरांत उन्हें घर में न रखने एवं पति के हिस्से का अधिकार न देने के संबंध में प्रताड़ित किया जा रहा है।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए थाना पनवाड़ी मिशन शक्ति केन्द्र में नियुक्त निरीक्षक श्री बलवान सिंह एवं महिला आरक्षीगण द्वारा आवेदिका एवं ससुराली जनों को थाना पर बुलाकर संवाद एवं काउंसलिंग कराई गई। धैर्यपूर्वक समझाने एवं परामर्श के पश्चात दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति बन गई और विवाद का शांतिपूर्ण समाधान हो सका।

काउंसलिंग के दौरान आवेदिका के ससुराली जनों को भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या उत्पीड़न न करने की कड़ी हिदायत दी गई तथा यह स्पष्ट किया गया कि यदि ऐसी स्थिति पुनः उत्पन्न हुई तो कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

यह प्रकरण मिशन शक्ति केन्द्र की संवेदनशीलता, त्वरित कार्रवाई एवं प्रभावी काउंसलिंग का उत्कृष्ट उदाहरण है, जिसके परिणामस्वरूप एक परिवार को टूटने से बचाया जा सका तथा आवेदिका को न्याय एवं सुरक्षा का भरोसा मिला।

जनपद महोबा पुलिस मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।





## मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत "परिवार परामर्श केन्द्र" कमेटी के सदस्यों ने 01 परिवार को बिखरने से बचाया, परिवार में लौटी खुशियां-

### 📌 संवाद है समाधान – परिवार बने सम्मान।"




आज दिनांकः- 16.10.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में "परिवार परामर्श केन्द्र" कार्यक्रम का आयोजन महिला थाना की अध्यक्षता में समस्त सदस्यगणों की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जिसमें पति-पत्नी के 06 ऐसे जोड़े जिनके बीच पारस्परिक परिवारिक विवाद चल रहा था, उनकी काउंसिलिंग की गयी एवं उनके मध्य संबंधित समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा उनकी समस्याओं के निदान हेतु काउंसिलिंग/परामर्श कर उनकी समस्याओं को सुलझाया गया जिसके परिणामस्वरुप पति-पत्नी का 01 जोड़ा आपस में एक साथ रहने के लिए राजी हुए हैं, शेष को अगली तिथि में बुलाया गया है, जनपद महोबा पुलिस एवं परिवार परामर्श केन्द्र के सदस्यों के द्वारा किये गये सफल प्रयासों की सभी के परिवारीजनों ने धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।

परिवार परामर्श के दौरान म0उ0नि0 निकिता शुक्ला, म0कां0 रेखा देवी, म0कां0 प्रीती देवी सहित परिवार परामर्श कमेटी से काउंसलर क्रमशः श्री रामजी गुप्ता व श्रीमती डॉ0 विभा पुरवार आदि सम्मानित सदस्यगणों की मौजूदगी सराहनीय रही।